चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ

Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/1798
दिनांक : 20.7.2022

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित
महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः— विश्वविद्यालय द्वारा विकसित पोर्टल पर सूचनाएँ अपलोड कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांक सम्बद्धता/487, दिनांक 07.05.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमे विश्वविद्यालय द्वारा विकसित पोर्टल पर समस्त सूचनाए अपलोड किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु मात्र 325 संस्थानों/महाविद्यालयों द्वारा (सूची संलग्न) ही संस्थान से सम्बन्धित सूचनाएँ उपरोक्त पोर्टल पर अपलोड की गयी है। शेष संस्थानों द्वारा अपनी सूचना अपलोड किया जाना अपेक्षित है।

मा0 राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को समस्त महाविद्यालय के कुल शिक्षकों (समस्त पाठक्रमों) की संख्या एवं Academic year में शिक्षकों द्वारा किये गये शोध एवं प्रकाशन सम्बन्धी सूचनाएँ प्रत्येक माह की 26 तारीख तक अनिवार्य रूप से प्रेषित की जानी होती है। अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है की विश्वविद्यालय द्वारा विकसित आनलाईन पोर्टल पर (http://www.ccsum.org.in/index.php) पर जाकर अपने महाविद्यालय मे कार्यरत समस्त शिक्षकों का विवरण दिनांक 26.07.2022 तक प्रत्येक दशा में अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें एवं **शोध प्रकाशन एवं प्रकाशन सम्बन्धी विवरण प्रत्येक माह की 28 तारीख तक अनिवार्य रूप से विवरण दर्ज करते रहे।** यदि महाविद्यालय उपरोक्त सम्बन्धित सूचनाएँ अद्यतन नही करता है तो महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।

भवदीय,

/

कुलसचिव

प्रतिलिपिः—

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. सचिव प्रति कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
03. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
04. श्री संदीप कुमार अग्रवाल, नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेटर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को आवश्यक कार्यवाही हेतु
05. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. प्रभारी वेबसाइड, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता)